भारत सरकार / **Government of India**
इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय / **Ministry of Electronics & Information Technology**
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र / **NATIONAL INFORMATICS CENTRE**
हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र / **Himachal Pradesh State Centre**

साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र मुख्यालय, एनआईसी-साइबर सुरक्षा प्रभाग और एनआईसी-सीईआरटी के निर्देशों के अनुसार, राज्यों में डिजिटल संपत्तियों और महत्वपूर्ण सूचना के बुनियादी ढांचे (सीआईआई) की साइबर सुरक्षा पर जागरूकता के लिए 27 जनवरी 2024 को उप-आयुक्त कार्यालय सिरमौर, नाहन हिमाचल प्रदेश में एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का आयोजन सहायक आयुक्त, उप-उपायुक्त, सिरमौर हिमाचल प्रदेश की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक आयुक्त के मुख्य भाषण के साथ हुई, जिन्होंने साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और बढ़ते साइबर खतरों से अवगत कराया गया, साथ ही उन्होंने सरकारी तंत्र में साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता के महत्व और आज की डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए सरकार की पहल पर भी जोर दिया।

इस कार्यशाला में श्री विजय कुमार जी, निदेशक (आईटी) एवं जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी, सिरमौर ने साइबर सुरक्षा के पहलू और वर्तमान परिदृश्य में इसकी आवश्यकता पर जागरूकता के लिए एक प्रस्तुति दी। जिसमें उन्होंने भारत में साइबर हमलों के कुछ हालिया उदाहरण भी दिए एवं उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर दुनिया में पाए जाने वाले प्रमुख प्रकार के साइबर खतरों के बारे में जागरूक किया। प्रस्तुतिकरण में साइबर सुरक्षा, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023 से संबंधित प्रमुख चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-इन) की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यशाला जिला सिरमौर के विभिन्न सरकारी विभागों के 23 अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। यह कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के साथ गहन चर्चाओं और सुझावों के साथ संपन्न हुई।